हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 सितंबर 2025


04 डोल ग्यारस पर हाटपीपल्या के नृसिंह घाट पर भगवान...



07 देवालयों में सुबह से लगी भक्तों की भीड़ श्रीजी की ...






### जलझूलनी एकादशी पर निकले बेवान, स्थान-स्थान पर भगवान की पूजन आरती की

# राधा-कृष्ण का मनोहारी श्रृंगार कर निकाला चल समारोह, इंद्रदेव ने किया जलाभिषेक











हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

डोल ग्यारस पर्व पर नगर के विभिन्न राधा कृष्ण मंदिरों से भगवान का मनमोहक व आकर्षक श्रृंगार कर फूलडोल का चल समारोह निकाला गया। स्थान- स्थान पर भक्तों ने भगवान की पूजन आरती की एवं प्रसादी चढ़ाई। इंद्रदेव ने भी गिरधर गोपाल का जलाभिषेक किया। पर्व को लेकर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन भी हुए।

बुधवार को नगर के प्राचीन सांवलिया नाथमंदिर, नामदेव समाज के श्रीनाथ मंदिर, सेन समाज के मुरली मनोहर मंदिर, चौथमल जी की राधा कृष्ण मंदिर, चारधाम मंदिर जायसवाल कॉलोनी, स्वर्णकर समाज के राधा-कृष्ण मंदिर, विश्वकर्मा समाज के ,पाटीदार समाज के, कसेरा समाज के नयापुरा मंदिर, डोकर पुरा, रामपुरा मोहल्ला, काशीपुरा, मुखर्जी मार्ग स्थित रणछोड़ मंदिर सहित 18 मंदिरों से दोपहर 3 बजे फूलडोल के चल



समारोह इंद्रदेव द्वारा की जा रही अमृत वर्षा के बीच प्रारंभ हुए। सभी स्थानों से निकले इन फूलडोल को आकर्षक सजावट कर सजाए गए थे। वहीं बेवान (पालकी ) में भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी की प्रतिमा को मनोहारी रूप से श्रृंगारित कर विराजित किया गया था। चल समारोह मार्ग पर श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजन आरती की सभी फूलडोल अपने-अपने मंदिरो से चौक बाजार पर पहुंचे जहां शाम 5 बजे तक सभी फूलडोल श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ रखे गए। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ भक्तों ने राधे रानी के दर्शन कर सभी बेवानों पर फल आदि सामग्री चढ़ाई गई।

#### पुजारियों का किया संम्मान

चौक बाजार में गणपति उत्सव के मंच से प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी समाजसेवी रामकरण पाटीदार मेम्बर द्वारा नगर के 32 मंदिरों के पुजारियों का सम्मान कर उन्हें तिलक लगाकर श्रीफल व साफा बांध कर स्वागत किया गया। पाटीदार गत 12 वर्षों से यह सम्मान करते आ रहे हैं चौक बाजार से सभी फूलडोल चल समारोह के रूप में गणपति दरवाजा, नयापुरा, गवली मोहल्ला होते हुए मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे, जहां पर विशेष पूजन आरती की गई यहां से सभी फूलडोल अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर रात्रि में पहुंचे जहां पर आरती के साथ प्रसादी का वितरण किया गया। नगर के रामपुरा मोहल्ले के निवासियों ने फूलों से सुसज्जित ट्रैक्टर ट्राली में भगवान की पालकी को विराजित कर चल समारोह निकाला गया

#### खीर की प्रसादी का वितरण किया

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पाटीदार युवा संगठन द्वारा चौक बाजार में स्वादिष्ट केसर युक्त खीर की प्रसादी का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने इसका लाभ उठाया।

## चंद्रग्रहण के चलते मां बगलामुखी का मंदिर रविवार को बंद रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



चंद्र ग्रहण के चलते सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर रविवार को सुबह 11 बजे से आम श्रद्धालु के दर्शनार्थ बंद रहेगा। इस दौरान हवन अनुष्ठान कार्य भी बंद रहेंगे। मां बगलामुखी माता मंदिर के मुख्य पुजारी मनोहरदास ने बताया कि 7 सितम्बर को चंद्रग्रहण होने के कारण 11 बजे से बगलामुखी माता मंदिर के पट तथा मंदिर में होने वाले हवन- अनुष्ठान आदि धार्मिक कार्य पूर्णतः बंद रहेंगे। जो कि अगले दिन सोमवार को माता की मंगला आरती के बाद प्रारंभ होंगे। रविवार को दिन में 12 बजकर 58 मिनट से सूतक प्रारंभ होगा तथा गृहण का स्पर्श रात्रि 9 बजकर 58 मिनट पर ओर मोक्ष रात्रि 1 बजकर 26 मिनट पर होगा।

## गणेशोत्सव के मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नलखेड़ा।** दस दिवसीय गणेशोत्सव अंतर्गत स्थानीय नयापुरा में स्थित जयेश्वर महादेव मंदिर पर गणेशोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। नयापुरा में जयेश्वर महादेव मंदिर पर गणेश स्थापना कर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। जहाँ गत रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक भजनों व पैरोडियों पर बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक दर्शक के रूप में उपस्थित थे।

## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बाल गणेश की सुंदर आकृतियां बनाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

न्यू नलखेड़ा पब्लिक स्कूल में गणेश महोत्सव के दौरान नन्हे-मुन्हे बच्चों ने बाल गणेश की सुंदर आकृतियां बनाईं। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। बच्चों की मानव श्रृंखला ने सबका मन मोह लिया। यह आयोजन न केवल उत्सव मनाने के लिए था, बल्कि यह बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक करने के लिए भी था। इन आयोजनों का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। साथ ही, यह बच्चों को सामूहिक कार्य और टीम वर्क का महत्व भी सिखाता है। शिक्षक गजेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि न्यू नलखेड़ा पब्लिक स्कूल का यह आयोजन निश्चित रूप से बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव होगा।



## नलखेड़ा में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस कल

**नलखेड़ा।** नगर में पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर 5 सितम्बर को पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब के सारी दुनिया मे अमन शांति के संदेश को जन जन पहुंचाने के उद्देश्य से यह जुलूस नगर की ईद मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा शुक्रवार को सुबह 9 बजे जामा मस्जिद मेवाती मोहल्ला से शुरू होकर ठाकुर मोहल्ला, हनुमान मंडी, चोक बाज़ार, बड़ा गणपति चौराहा, शिवजी चोराहा से माँ बगलामुखी रोड होकर पुरानी मंडी रोड से नयापुरा होते हुए चोक बाज़ार से पुनः ठाकुर मोहल्ला हुसैनी मस्जिद के समीप मदरसा के सामने हुसैनी परिसर में पहुंचेगा। यहां नात (भक्ति गीत) और पैगम्बर साहब पर सलाम का तोहफा पेश कर मुल्क में अमन व शांति की दुआ के साथ समापन होगा।

#### इस बार जुलूस में शामिल नहीं होंगे डीजे

इंटरनेशन सूफी इस्लामिक पीस काउंसिल के प्रमुख मौलाना कमरूज़्ज़मा आज़मी साहब की अपील का आदर करते हुए ईद मिलादुन्नबी कमेटी ने जुलूस में डीजे शामिल नहीं करने का फैसला लिया है। उनकी अपील के अनुसार हज़रत मोहम्मद साहब दुनिया मे अमन शांति का पैगाम लेकर आए और सभी को फायदा पहुंचाने का सन्देश दिया था। डीजे से होने वाले प्रदूषण और हो हल्ला से आमजन को कई नुकसान होते है इसलिए जुलूस के ज़रिए हज़रत मोहम्मद साहब के संदेशों का पालन करने की अपील की जाएगी।

## उत्साह पूर्वक मना फूलडोल पर्व, अखाड़े के साथ झमाझम बारिश में निकले फूलडोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

डोल ग्यारस पर बुधवार को नगर में फूलडोल चल समारोह बरसते पानी में उत्साह पूर्वक डीजे और अखाड़े के साथ निकाला गया। चल समारोह में अलग अलग मन्दिरों से निकलने वाले आकर्षक श्रृंगार से सजे फूलडोल में बाल-गोपाल श्रीकृष्ण विग्रह रूप में विराजमान थे।

नगर के राजवाड़ा से प्रारंभ हुए फूलडोल चलसमारोह में सुसज्जित डोल में कृष्ण निकले, तो करतब दिखाते आर्यवीर दल अखाड़े के कलाकार, डीजे व ढोल, नगाड़ों की थाप पर लठ्ठबाजी करते और मुकदल घूमते पहलवान चल रहे थे वही चोराहो पर मलखंब पर पहलवान करतब दिखाते नजर आए। जगह जगह पर अखाड़े के उस्ताद और पहलवानों का स्वागत नेता, जन प्रतिनिधि, मुस्लिम समाज व नगर के लोगो द्वारा किया गया।







सभी डोल में विराजित भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना बिजासन माता मन्दिर स्थित टंकी जलाशय पर विधिविधान पूर्वक मंदिर के पुजारियों द्वारा की गई। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान डोल में विराजित भगवान की पूजा महिलाओं द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों पर की गई।

#### नगर के इन मंदिरों से निकले डोल

नगर के प्रमुख मन्दिरों से प्रतिवर्ष डोल ग्यारस पर फुलडोल निकाले जाते है इसी तरह आज डोल ग्यारस पर बजरंग मोहल्ला स्थित प्राचीन बड़ा राम मंदिर,राजवाड़ा स्थित राम मंदिर,मालवीय मोहल्ला स्थित राम मंदिर,कन्या शाला स्थित राम मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, दर्जी मोहल्ला स्थित राम मंदिर, ब्राह्मण मोहल्ला स्थित नरसिंह मंदिर, जोशी जी का कृष्ण मंदिर, सदर बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर आदि मंदिरों के डोल नगर में निकाले गए।

### पर्युषण पर्व के छठे दिवस उत्तम संयम धर्म पर प्रवचन हुए

# संयम धारण करने से आत्म कल्याण होता है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

असंयम के कारण हम अनंत काल से संसार में भ्रमण कर रहे हैं। हम भोग विलास को ही शांति मान रहे हैं। संयम से ही मुक्ति है। संयम धारण करने से आत्म कल्याण होता है। उत्तम संयम धारण करने से तीर्थंकर बन सकते हैं। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने पर्वधिराज पर्युषण पर्व के छठे दिवस उत्तम संयम धर्म पर दिए गए। प्रवचन के दौरान यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई।

मुनिश्री ने कहाकि जिस प्रकार जिनालय की शोभा शिखर से होती है। शिखर की शोभा कलश से होती है। भोजन की शोभा नमक से होती है। चेहरे की शोभा नाक से होती है। इसी प्रकार से मनुष्य की शोभा संयम से होती है। संयम से ही मनुष्य की पूजा होती है। संयमी व्यक्ति शांत रहता है,जीवन में संयम बढ़ने पर शांति बढ़ती जाती है। उन्होंने कहाकि आहार, निद्रा,भय,मैथून तो



पशु पक्षी में भी पाया जाता है, लेकिन संयम मनुष्य में ही पाया जाता है। संयम के द्वारा मनुष्य को पशु से पृथक किया जाता है। संयम के बिना हमारी स्थिति भी पशु के समान है। संयम दो प्रकार का होता है इंद्रिय संयम, प्राणी संयम। पांच इंद्रिय और मन को वश में करना इंद्रिय संयम है। प्राणी संयम छैः काय के जीवों की रक्षा करना। संयम एक देश भी होता है। और सकल देश भी होता है। मुनिश्री ने कहाकि पांच इंद्रिय विषय के लिए हमने घरों में मोटे-मोटे गद्दे लगा रखे हैं। सुकुमाल मुनि बड़े कोमल थे राई के दाने से भी उनके शरीर में निशान हो जाता था। लेकिन उन्होंने भी समय आने पर दिगंबरी दीक्षा धारण कर ली थी। मुनिश्री ने कहाकि एक भोग होता है और एक उपयोग होता है।

एक बार उपयोग में आने वाले को भोग कहते हैं। जैसे पुष्प की माला एक ही बार प्रयोग होती है। गुलाब जामुन एक ही बार उपयोग होता है। वहीं घर, वस्त्र, गाड़ी का बार-बार सेवन करते हैं। इन्हें उपभोग की वस्तु कहते हैं। जो सीमित समय के लिए धारण किए जाते हैं उसे नियम कहते हैं। जिसको लंबे समय के लिए धारण किया जाये उसे यम कहते हैं। छोटे-छोटे त्याग एक दिन बड़े त्याग बन जाते हैं। छोटा सा संयम भी हम धारण करेंगे तो मोक्ष मार्ग पर लग सकते हैं। इस प्रकार यम से नियम में बदल जाते हैं। आचार्य शांति सागर जी ने यम नियम पूर्वक 36 दिन की संलेखना धारण की थी। 22 वें दिन आपने अंतिम उपदेश दिया था उसमें कहा है। मानवों संयम धारण करो। संयम के बिना मुक्ति संभव नहीं है। सभी सिद्ध संयम के कारण मुक्त हुए हैं। समतापूर्वक संयम धारण करने पर ही मोक्ष प्राप्त हो सकता है। उन्होंने कहाकि आत्मा की लीनता सप्तम गुण स्थान में होती है। उसे शुद्धोपयोग कहते हैं। मन, वचन, काया रूपी त्रिगुप्ति से संयम धारण करना चाहता है। इस भरत क्षेत्र के दुःषमा काल में भी मुनियों को शुद्धोपयोग हो सकता है। ए.सी. पंखे की हवा में आत्म ध्यान नहीं होगा।

मुनिश्री ने कहाकि वर्तमान में संयम धारण करके भविष्य में मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। यह सब संयम से ही संभव है। रावण जैसा जीव भी अपने एक नियम पर अडिग रहा, जिससे उसे महा ज्ञानी माना जाता है। नियम के कारण रावण ने माता सीता के साथ लंका में बलपूर्वक कोई गलत नहीं किया। उन्होंने कहाकि रसना इंद्रिय के कारण हम अभक्ष्य भोजन करते हैं। बाजार के ठेलों पर चाट पकौड़ी खाते हैं। रसना इंद्रिय के चक्कर में पढ़कर हमने आज तक संयम धारण नहीं किया। तीर्थंकरों ने संयम धारण करके अपना कल्याण कर लिया। अगर पंच परमेष्ठियों से ईर्ष्या करते तो हम भी मोक्ष को प्राप्त कर लेते। उन्होंने कहाकि पूर्व में घरों में शुद्ध भोजन होता था, लेकिन वर्तमान में भोजन की शुद्धता समाप्त हो गई है। भोजन हाथ से करना चाहिए, चम्मच से नहीं। इसमें अशुद्धता होती है। सामूहिक भोज में संपूर्ण शुद्धता समाप्त हो गई है। जैसा खावे अन्न वैसा होये मन। छोटे-छोटे संयम भी हमारे विवेक और बुद्धि को बढ़ाते हैं।

## विघ्नहर्ता को लगाया गया छप्पन भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

दस दिवसीय गणेशोत्सव अंतर्गत नगर में 40 से अधिक स्थानों पर पांडाल बनाकर गणेश स्थापना की गई है। जहाँ प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आयोजन व प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है। मंगलवार रात्रि को नीमा कॉलोनी में हरिहर गणेशोत्सव समिति द्वारा स्थापित विघ्नहर्ता भगवान गणपति जी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। छप्पन भोग के लिए कॉलोनीवासी अपने अपने घरों से पकवान बनाकर लाये थे। इस अवसर पर नीमा कॉलोनी के 35 बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला व पुरुष भक्त उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## विद्युत वितरण कंपनी ने चलाया चेकिंग अभियान



**भौरासा।** भौरासा वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम सरसोदा एफओसी के अंतर्गत ग्राम बुधनगांव में बार-बार जलने वाले डीटीआर का भौतिक निरीक्षण कार्यपालन यंत्री सोनकच्छ, कनिष्ठ यंत्री मंसूर अली भौरासा विद्युत वितरण केंद्र एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में किया गया जिसमें ट्रांसफार्मर के बार बार जलने का कारण, एलटी केबल का चिपकना एवं कुछ उपभोक्ताओं द्वारा हीटरों का उपयोग करना पाया गया जिस पर टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

## अज्ञात वाहन ने एक केडे को मारी टक्कर



**भौरासा।** नेवरी फाटे पर अज्ञात वाहन ने एक केडे को टक्कर मार दी, जिससे केड़ा गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिस पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा केडे का इलाज कराया। इलाज के दौरान केडे की मौत हो गई। कार्यकर्ताओं ने उसका अंतिम संस्कार किया। इस दौरान जितेंद्र गुर्जर ,जिला गोरक्षा प्रमुख अर्जुन गुर्जर खंड मंत्री, शिवा गुर्जर खंड अध्यक्ष, विशाल गुर्जर, विश्वास गुर्जर, बाला गुर्जर समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भौरासा नगर में परंपरा के तहत तेज बारिश के बीच श्रृंगारित डोल में निकले बाल गोपाल

# डोल ग्यारस पर हाटपीपल्या के नृसिंह घाट पर भगवान नृसिंह की साढ़े सात किलो वजनी मूर्ति दो बार तैरी





### डोल ग्यारस पर जिले में धार्मिक आयोजन, मान्यताओं के साथ मनाई डोल ग्यारस।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा/ हाटपीपल्या**

जिले में डोल ग्यारस पर कई धार्मिक आयोजन हुए। पारंपरिक मान्यताओं के अंतर्गत निकाले डोल। भौरासा नगर मे डोल ग्यारस पर श्रृंगारित डोल में बाल गोपाल सवार होकर निकले।महिलाओं ने बाल गोपाल की पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। नगर के विभिन्न मंदिरों से डोल के रूप में भगवान बाल गोपाल की झांकी निकाली गई जो गणेश चौक से होते हुए हनुमान मार्ग के बाद संत तुलसी मार्ग से पुरानी कचहरी, सरस्वती शिशु मंदिर परिसर पर पहुंची। जहां पर सभी डोल एकत्रित हुए। यहा पर नगर के वसूली पटेल यशवंतसिंह राजपूत, नगर पुरोहित संजय जोशी, अध्यक्ष नगर परिषद भौंरासा, परसाई महाराज मनोज जोशी, बाबा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावला,उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, जमनालाल माली, पार्षद सचिन यादव, राजेंद्र यादव, सुरेश मालवीय, रोहित जायसवाल, धर्मेंद्र ठाकुर, छोटू लाल लोधी, मनीष यादव, अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत, मौसम माली, नकुल अग्रवाल, शेखर ठाकुर, दुर्गेश राठौर व नगर के सभी गणमान्य नागरिकों ने सभी डोल की पूजा कर नगर में सुख शांति की कामना की। इसके बाद सभी डोल एक एक कर नगर भ्रमण पर निकले। डोल के आगे नृत्यांगनाओ की तरह पुरूष महिलाओ के भेष में नृत्य करते नजर आए। माली समाज के डोल में उभरते गायक आयुष माली की पूरी टीम के द्वारा भगवान कृष्ण के भजन गाए गए। इस अनूठी परम्परा अंतर्गत सरदार आंग्रे के समय में मुस्तर बाई नृत्यांगना थी। यहां डोल यादव अहिर समाज, कुमावत समाज,ठाकुर समाज ,माली समाज, मालवीय समाज व आदि समाजो के डोल निकलते हैं। इसी तरह नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए घाट पर पहुचते हैं, जहां पूजन अर्चन के साथ नदी में भगवान को स्नान कराया जाता है। इसके पश्चात इन डोल की महिलाओं द्वारा गोद भरकर पूजा अर्चना की जाती है। डोल ग्यारस को भगवान कृष्ण के जलवा पूजन से जोड़ कर देखा जाता है। इस दिन भगवान को झूले में बिठाकर विभिन्न मंदिरो से भ्रमण कराया जाता हैं। श्री कृष्ण को झूला देकर संतान ओर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की जाती हैं। नगर परिषद द्वारा पूरे नगर में इस अवसर पर विद्युत सज्जा भी की जाती है वही पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तेद रहता है।

**साढ़े 7 किलो वजनी मूर्ति दो बार तैरी**

डोल ग्यारस के अवसर पर जिले हाटपीपल्या में नृसिंह घाट पर भगवान नृसिंह की साढ़े सात किलो वजनी पाषाण मूर्ति भमोरी नदी में तराई गई। मूर्ति तैरने लगी। ऐसा तीन बार किया गया। लेकिन मूर्ति दो बार तैरती रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रतिमा तैरने का अर्थ है कि आने वाला साल अच्छा रहेगा। मूर्ति के तैरते ही घाट पर मौजूद हजारों लोगों ने भगवान नृसिंह के जयकारे लगाए। बुधवार को नृसिंह मंदिर के सभी मंदिरों के डोल घाट पर एकत्रित हुए,जहां सभी पुजारियों ने स्नान कर नदी की पूजा की। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने दीपक जलाकर नदी में छोड़ा। मूर्ति को इस बार पंड़ित द्वारा मंत्रोच्चार के साथ तीन बार नदी में डाला गया। दो बार मूर्ति तैरने लगी। हाटपीपल्या में दोपहर 3 बजे से ही घाट पर श्रद्धालु जुटने लगे थे। घाट पर करीब 8 से 10 हजार लोग आसपास से यह नजारा देखने के लिए पहुंचे हैं। पुजारी के अनुसार हर वर्ष डोल ग्यारस पर मूर्ति को तीन बार पानी में तैराया जाता है। जितनी बार मूर्ति तैर जाती है,उससे आने वाले वर्ष का आकलन किया जाता है। इस बार मूर्ति दो बार पानी पर तैरती रही। जिससे कहा जा रहा है। आने वाला वर्ष अच्छा रहेगा।

# दशमी के अवसर पर नगर में निकला चल समारोह

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा**



तेजाजी दशमी के अवसर पर चल समारोह का आयोजन किया गया। आरती करने के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

मंगलवार के दिन तेजाजी दशमी के अवसर पर चापडा नगर के हाटपीपल्या मार्ग पर स्थित मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। शाम को नगर में रिमझिम बारिश में तेजाजी महाराज का चल समारोह निकाला गया जिसमें तेजाजी महाराज ,डाली बाई, सुगना बाई की झांकी दर्शाई गई। चल समारोह रामदेव जी मंदिर से प्रारंभ हुआ जो की नगर भ्रमण करने के बाद पुनः मंदिर पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए। मंदिर पर 108 दीपों से रामदेव भगवान की आरती की गई। आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। उक्त आयोजन सभी नगरवासियों के सहयोग से आयोजित हुआ। मन्नतें पूरी होने पर बच्चों का तुलादान भी किया गया। समीप ग्राम गुराड़िया कला में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तेजाजी दशमी पर गांव में भविष्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें ट्रैक्टर पर रामदेवजी की झांकी बनाई गई, ग्रामीण जैन बड़ी संख्या में चल समारोह में सम्मिलित हुए।

नगर में निकाले गए पूरे चल समारोह के दौरान लगभग 400 लीटर दुग्ध की खीर प्रसादी का वितरण किया गया। राम मंदिर के पास महाआरती की गई। ग्राम मुकुंदगढ़, अंबाझर में भी दशमी के अवसर पर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ दशमी पर चल समारोह निकाला। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भमोरी फाटे पर शनि मंदिर में हुई चोरी की घटना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा**



इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम भमोरी फाटा के समीप स्थित शनि मंदिर में मंगलवार बुधवार रात्रि दरमियान अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी की गई। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी का घटनाक्रम कैद हुआ है, जिसमें दो बदमाश नजर आ रहे हैं। जिन्होंने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा है। बेधड़क होकर बदमाश वारदात को अंजाम देते हुआ दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के अनुसार 2 मिनट के अंदर ही बदमाशों ने दान पेटी उखाड़ कर पूजा थाली और दान पेटी मंदिर में से चुरा कर भाग निकले। जानकारी अनुसार बदमाशो ने मंदिर की साइड बनी दीवार फांदकर मंदिर में प्रवेश किया। मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर जाने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह भक्तगण मंदिर दर्शन करने पहुंचे, लेकिन वह भी कुछ समझ नहीं पाए। जब मंदिर पुजारी ने मंदिर का गेट खोला, देखा तो दान पेटी नहीं थी। वह अन्य सामान भी नहीं मिला जिसके बाद इसकी जानकारी आसपास के वरिष्ठ जनों को दी गई। वही ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौका निरीक्षण किया और वहां पर लगे कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी, तो उसमें दो व्यक्ति चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए दिखाई दे रहे हैं। जानकारी अनुसार मंदिर की दान पेटी में लगभग 5 से 6 लाख रुपए होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मंदिर के पूजन के दौरान जो भी राशि आती है वह दान पेटी में ही रख दी जाती थी। पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया ने बताया कि दान पेटी में कितनी राशि थी अभी स्पष्ट नहीं है। मामले में फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

# छतरपुरा में रास्ते के विवाद के चलते पिता पुत्र पर किया प्राणघातक हमला, घायल इंदौर रेफर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली**



बागली थाना अंतर्गत मंगलवार को रास्ते के विवाद के चलते नयापुरा निवासी आरोपी पिता पुत्र ने छतरपुरा निवासी फरियादी पिता पुत्र पर प्राणघातक हमला कर दिया,जिसमें पिता गंभीर रूप से घायल हुआ।फरियादी ने पुलिस थाना बागली पर एफआईआर दर्ज कराई, जिसमें बताया गया कि ग्राम छतरपुरा निवासी योगेश पिता मनोहर पाटीदार के खेत पर जाने का रास्ता आरोपी राजेश पाटीदार के खेत के पास से है। जो की आम रास्ता है। लगभग 30-35 किसानो के खेतों रास्ता है। रास्ते को लेकर पूर्व में राजेश पाटीदार व उसका लड़का सुमित पाटीदार विवाद कर चुके हैं। रास्ते का विवाद तहसील कार्यालय तक पहुंचने के बाद तहसीदकर ने मौका मुआयना किया था और रास्ते की सीमा बताई थी। उसके अनुसार सभी किसानो ने मूर्रम डालकर रास्ता ठीक किया था। आरोपी राजेश पाटीदार उक्त रास्ते पर आधे रास्ता पर अपना अधिकार जमाते हुए और विवाद करता है।मंगलवार को फरियादी योगेश अपने पिता के साथ खेत पर जा रहा था। उसी दौरान आरोपी पहले से ही घात लगाए बैठे थे और उन पर हमला कर दिया। इसी रास्ते को लेकर करीबन एक महिना पूर्व में भी राजेश पाटीदार व सुमित पाटीदार ने किसानों के साथ झगडा मारपीट की थी, जिसको लेकर पुलिस में रिपोर्ट हुई थी। इसी बात की रंजीश राजेश, सुमित पाले हुए थे। मंगलवार दोपहर में, योगेश व मनोहर खेत पर जा रहे थे तभी राजेश व सुमित ने लठ हाथों में लेकर गाली-गलौज करते हुए प्राणघातक हमला कर दिया। घायल मनोहर का शासकीय अस्पताल बागली में प्राथमिक उपचार कर इंदौर रेफर किया गया है। विवाद करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

**जांच की जा रही है**

मामले में जांच कि जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है, जल्द ही पुलिस कि गिरफ्त में होंगे।

**प्रदीप राय,** थाना प्रभारी बागली

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली वोट अधिकार यात्रा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास**




लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे को लेकर पूरे देश में एक नई बहस छेड़ दी है । प्रमाण सहित उन्होंने बताया कि किस तरह से वोटो की चोरी कर भारतीय जनता पार्टी देश और प्रदेश में सरकार बना रही है।

बुधवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में एक विशाल और प्रभावी रैली जवाहर चौक से प्रारंभ होकर जनता बैंक चौराहा शालिनी रोड सुभाष चौक नावेल्टी चौराहा तहसील चौराहा होते हुए सायाजी द्वार पर संपन्न हुई। जहां रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कैलाश कुंडल, रेखा वर्मा, प्रदीप चौधरी,ओम पटेल,भगवान सिंह चावड़ा,विक्रम मुकाती,तंवर सिंह चौहान सहित सभी वक्ताओं ने कहा कि हम लगातार ईवीएम को दोषी मान रहे थे लेकिन असली चोरी तब पकड़ाई जब राहुल जी ने इस पर संज्ञान लिया तब पता चला की लाखों वोटर मतदाता सूची में फर्जी निकले जिन्होंने कांग्रेस की सरकार बनने से रोकने का काम किया हैं। इससे पूरे देश के कांग्रेस जनों में रोष व्याप्त हो गया है। इसी के साथ कांग्रेस जनों ने संकल्प लिया कि वोट चोरी की बात हम पूरे देश में पहुंचाएंगे। इसी को लेकर हम अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। इसी के साथ कांग्रेस नेताओं ने अपील करते हुए कहा कि अब हमें पूरी जागरूकता के साथ अपने-अपने पोलिंग की मतदाता सूचियां का पुनरीक्षण करना है हमें देखना है कि कौन सा मतदाता नहीं है और कौन है तथा फर्जी मतदाताओं को वोटर लिस्ट से हटाना है। रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन पार्टी का झंडा एवं विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। रैली में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा,गुरु चरण सिंह सलूजा, रोशन रायकवार, गोपाल भोसले, रामेश्वर गुर्जर, राजवीर सिंह कुड़िया, राजेंद्र सिंह बेस, जाहिद पठान, जितेंद्र सिंह, जितेन सिंह गौड, श्रीराम कुमावत, नज़र शेख मामू,रितेश त्रिपाठी , बने सिंह अस्ताया, महेंद्र सिंह तालोद, राजेश बिश्नोई, बाबूलाल चौधरी, सूरज सिंह ठाकुर,नंदू रावत ,साधना प्रजापति, रीना गलोदिया, वंदना पांडे, संगीता यादव, चंद्रपाल सिंह सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### मंत्री पटेल मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के आठवें प्रांतीय अधिवेशन में हुए शामिल

# मजदूर परिवार के साथ देश निर्माण के लिए कार्य करता है: पटेल






**हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री मध्य प्रदेश शासन प्रहलाद पटेल देवास में मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के आठवें प्रांतीय अधिवेशन में शामिल हुए। इस दौरान देवास विधायक गायत्री राजे पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, मजदूर नेता लोकेश विजयवर्गीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री मध्य प्रदेश शासन प्रहलाद पटेल ने कहा कि यह कोई आम सभा नहीं है। साल भर में जो चुनौतियां आती है, जो समाधान दिए जाते हैं, उनको यहां तराजू पर तोला जाता है। उन्होंने कहा कि सराकार द्वारा आपके हित में कई निर्णय लिए गए हैं। आपके लिए सरकार द्वारा कई नीतियां एवं योजनाएं बनाई गई है। सरकार द्वारा आपके लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी रखिए। सरकार की योजनाओं का लाभ एक-एक व्यक्ति को मिलना चाहिए। मंत्री पटेल ने कहा कि भविष्य निर्माण में आपका बहुत योगदान है। मजदूर परिवार के लिए तो कार्य करता है, साथ ही देश के निर्माण के लिए भी कार्य करता है। उन्होंने कहा देश अपने वैभव की ओर बढ़ रहा है, जिसमें आपका योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। आप भविष्य का रोडमेप बनाकर कार्य करें। मंत्री पटेल ने कहा कि यह कोई आम सभा नहीं है, भारतीय मजदूर संघ संगठित और असंगठित दोनों ही क्षेत्र में काम करता है यह भवन सन्निर्माण से जुड़े हुए मजदूरों का सम्मलेन था। प्रधामंत्री की माता पर की टिप्पणी को लेकर पटेल ने कहा कि इसका जवाब देश की जनता देगी ऐसी शर्मनाक और अमर्यादित भाषा के लिए देश की राजनीति कभी अनुमति नहीं देती है।

# गणेश मंदिर पर हो रहा लड्डू की प्रसादी का वितरण



**हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा**

नगर के प्राचीन गणेश मंदिर पर गणेश उत्सव पर्व के दौरान प्रतिदिन गणेशजी की महाआरती की जा रही है। जहां पर मन्नत पूरी होने पर बच्चों का तुलादान भी किया जा रहा है। साथ ही रात्रि में महा आरती का आयोजन किया जा रहा है। डॉक्टर जे.सी यादव द्वारा आरती कर अपने पोते का तुलादान किया। मनोहर लाल यादव द्वारा अपने नातिन का तुला दान किया गया। साथ ही यदुवीर अहीर व्याम शाला द्वारा आरती की गई।

मंगलवार शाम को करणी सेना जिला सचिव राजेंद्र सिंह तोमर, देवेंद्र सिंह तोमर द्वारा गणेश जी की आरती कर 30 किलो लड्डू का वितरण किया गया। आरती के बाद प्रतिदिन लड्डू की प्रसादी का वितरण हो रहा है। इस दौरान नगर से बड़ी संख्या में ग्रामीण आरती में सम्मिलित होते हैं। सभी नगर वासियों के सहयोग से यहां पर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### एसपी ने कार्यालय का किया निरीक्षण

**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर प्रधान लिपिक, डीसीआरबी, आंकिक आदि शाखाओं का निरीक्षण कर अभिलेखों, रजिस्टरों एवं अन्य दस्तावेजों का गहनता से अवलोकन कर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय की कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता लाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अभिलेखों के सही रख-रखाव, समयबद्ध प्रविष्टि तथा रिकॉर्ड की नियमित जांच पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यालय की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने की भी सराहना की एवं सतत सुधार की प्रक्रिया को अपनाने के निर्देश दिए।

### रास्ते में रोककर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम धवा निवासी भरत विश्वकर्मा पुत्र बालकिशन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 28 अगस्त को रात करीब 8 बजे वह अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में तालाब के पास गांव के सुम्मेर पुत्र ज्ञानचंद्र कुर्मी ने उसे रोक लिया और गालियां देते हुये विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर दी। इस हमले में वह घायल हो गया। वहीं उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### पटसेमरा गांव के दो पक्षों में मारपीट

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम पटसेमरा में रहने वाले राजकुमार अहिरवार पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते मंगलवार को शाम करीब 5.30 बजे उसकी मां लाड़बाई व भाई चंद्रमान खेत से घर आ रहे थे। तभी रास्ते में शंकर जी मंदिर के पास बबलू उर्फ शंकरलाल पुत्र कलुआ अहिरवार, महेन्द्र पुत्र पप्पू अहिरवार, ज्योति पत्नी शंकरलाल, रानी पत्नी राकेश एकराय होकर मिले और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसकी मां व भाई से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में उसकी मां व भाई को गंभीर चोटें आयीं हैं। पुलिस ने पीड़ति की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से बबलू उर्फ शंकरलाल ने पुलिस को बताया कि गांव का इन्द्रपाल उसकी भतीजी को भगा ले गया था, जिसके बाद उसकी भतीजी अपनी मर्जी से वहां रह रही है। बताया कि उसकी भाभी सखी किराने की दुकान पर सामान लेने गयी हुयी थी, जहां चन्द्रभान पुत्र श्याम, लाड़बाई, राहुल, प्रदीप ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर बचाव करने जब वह पहुंचा तो उसके अलावा ज्योति, महेन्द्र से भी मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मामला दर्ज कर लिया है।

### उधारी के रुपए वापस मांगने पर मारपीट

**ललितपुर।** अमरपुर चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखनपुरा अंतर्गत मजरा नन्दीपुरा में रहने वाले उमेश यादव पुत्र मूलचन्द्र ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उससे ग्राम ककरूआ निवासी शेखर ने फोन कर अपने उधारी के 1500 रुपये लिया था। इस पर शेखर ने उसे 2-3 दिन में रुपये वापस करने को बोला था। बताया कि वह नेहरू नगर में पाइप लाइन का कार्य कर रहा है, जिस कारण वह नेहरूनगर में किराये से निवासरत है। बताया कि 1 सितम्बर को रात करीब 10 बजे उसे रुपयों की आवश्यकता थी, जिस पर वह शेखर के पास रुपये मांगने पहुंचा, जहां शेखर ने उसे स्टेशन के पास स्थित एक लॉज के पास बुलाया। जब वह उक्त स्थान पर पहुंचा और अपने रुपये वापस मांगे तो उक्त व्यक्ति ने नाराज होकर अपने एक साथी के साथ मिलकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। इस हमले में उसे काफी चोटें आयीं हैं।

## घाटों पर नौकाओं में श्रीजी को सवार कर जल विहार कराया गया

# देवालयों में सुबह से लगी भक्तों की भीड़ श्रीजी की विमान यात्रा देखने उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सनातन धर्म की प्राचीन परम्पराओं के अनुसार जलविहार पर्व आज जनपद में अगाध श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में विमानों की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई तथा सुम्मेरा तालाब पर श्रीजी का जलाभिषेक किया गया। गौरतलब है कि इस वर्ष सुम्मेरा तालाब को जिला प्रशासन व नगर पालिका परिषद ने अत्याधुनिक व आकर्षक तरीके से सजाया था। फलस्वरूप घाटों पर इस बार के जल बिहार ऐतिहासिकता बिखेरता गया। नौकाओं में श्रीजी को सवार कर जल बिहार कराया गया। विमानों के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। जल विहार पर्व को लेकर आज सुबह से ही सभी देवालयों में धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गए थे। प्राचीन काल से चली आ रही परम्परा के अनुसार अपरांह मोहल्ला चौबयाना स्थित श्रीरघुनाथजी बड़ा मन्दिर से सबसे पहले विमानों की शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा के शुरू होते ही आसपास स्थित देवालयों के विमान भी इस शोभा यात्रा में शामिल हो गए। तत्पश्चात रावरपुरा, महावरीपुरा, घंटाघर, सावरकर चौक पर अन्य देवालयों से आये विमानों का मिलन हुआ। रावरपुरा में विमानों का सम्मलिन होने के पश्चात इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा ने वृहद रूप धारण कर लिया। गाजे बाजे व शंख झालरों की झनकारों से गुंजायमान इस शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं का भक्तिभाव देखते ही बनता था। शोभायात्रा में जहां शामिल हजारों श्रद्धालु विमानों में आरुढ़ भगवान को अपने कंधे पर उठाने को आतुर थे। वहीं जुलूस मार्ग के किनारे खड़े हजारों श्रद्घालू विमानों पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। बताया जाता है कि श्रीजी के विमानों को कंधा देने से मनुष्य पापों व कष्ट्ड्रों से मुक्त हो जाता है। इसलिए आज शोभा यात्रा में विमानों को कंधा देने की होड़ मची हुई थी। पूरा नगर भगवान के जय-जय कारों से गुंजायमान था। चारों तरफ धर्म की ब्यार बिखरी हुई थी। विमानों की शोभायात्रा घंटाघर, सावरकर चौक, तालाबपुरा होती हुई सुम्मेरा तालाब पहुंची। सुम्मेरा तालाब में विमानों के बिहार कराने की परम्परा काफी प्राचीन है। तालाब के घाटों पर गंगाजल से श्रीजी के अभिषेक किया गया। सुम्मेरा तालाब के सभी घाट व देवालय श्रद्धालुओं से पटे पड़े थे। कहीं भी तिल रखने को जगह नहीं थी। जल बिहार कार्यक्रम शंख झालर घड़ियालों की टंकार के मध्य सम्पन्न हुआ। जहां एक तरफ घाटों पर बैठे श्रद्धालु भगवान की प्रशंसा में धार्मिक गीत गा रहे थे वहीं मंत्रोच्चार का दौर भी चल रहा था। जल बिहार के पश्चात भगवान को नौकाओं के द्वारा वापस घाटों पर लाये गये। नृसिंह मन्दिर रामलीला मैदान में सभी विमानों की शोभायात्रा सजायी गयी। सामूहिक रूप से मंगला आरती उतारी गयी।

### शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का भक्तिभाव देखते ही बनता था

इससे पूर्व निकली शोभा यात्रा में श्री रघुनाथ जी बड़ा मंदिर के अलावा श्रीजगदीश मंदिर, विजय राघवजी मंदिर, श्री रामराजा मंदिर, चण्डी माता मन्दिर नई बस्ती, सिद्ध्घ मंदिर कंचनघाट, सीतापाठ मंदिर, गणेश मंदिर तालाबपुरा, रिसाला मंदिर आजादपुरा, पुरानी बजरिया, गुप्तेश्वर मंदिर, कौशल किशोर मंदिर कुश कुटी, जुगल किशोर मंदिर रामनगर, बलखण्डी मंदिर, बिहारी जी मंदिर, हनुमान मंदिर तखत घाट, तुवन मंदिर, राम मंदिर, राजा रामजानकी मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर रावतयाना, राजाराम मन्दिर सिवनीखुर्द, हनुमानगढ़ी मन्दिर नदीपुरा, हनुमान मंदिर महावीरपुरा, यदुकुल मन्दिर चांदमारी, मदन मोहन मंदिर, शिव मन्दिर विष्णु मंदिर, संकट मोचन मंदिर सिंचाई कालोनी, सिंह वाहिनी नेहरू नगर के अलावा विभिन्न देवालयों के विमान शामिल थे। सुम्मेरा तालाब पर श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा जल विहार की व्यवस्था बनाई गई थी। जबकि प्रशासन द्वारा सुरक्षा व नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई के चौकस प्रबंध किए गए थे। पुलिस व स्वयं सेवी संगठनों के पदाधिकारी श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करते रहे।

### जगह-जगह विमान में आरूढ़ भगवान की आरती उतारी

शोभायात्रा मार्ग पर जगह-जगह विमान में आरूढ़ भगवान की आरती उतार कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा की वापसी पर कटरा बाजार, चौबयाना सटक चौराहा पर गणेश महोत्सव समिति द्वारा विमानों की सामूहिक आरती उतारी गई। जल बिहार पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। सुरक्षा की दृष्टिद्ध से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अमनदीप डुली, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन व एसडीएम सदर/प्रशासक नगर पालिका मनीष कुमार, अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा की देखरेख में व्यवस्थायें चौकस रहीं। वहीं नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर में सफाई व्यवस्थाओं पर विशेष जोर रहा। इधर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी व उनकी टीम मुश्तैद रही।

## प्रथम देहदान महोत्सव

# अज्ञात मानव शव मेडीकल कॉलेज को कराया दान

### शान्ति देहदान चौरिटेबल ट्रस्ट ने कराया पुण्य कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शान्ति देहदान चौरिटेबल ट्रस्ट ने अपनी ओर से एक अज्ञात शव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) को दान कराया है। इस कार्य को लेकर जिले में ट्रस्ट की काफी सराहना की गयी है। मानव देह शरीर की संरचना की आंतरिक जानकारी के माध्यम से चिकित्सक बनाने की पहली सीढ़ी है। इससे एनाटॉमी विभाग द्वारा एम.बी.बी.एस. के विद्यार्थियों को पठन पाठन में मदद मिलती है। मानव देह ही एकमात्र माध्यम है जिसके द्वारा शरीर के विभिन्न अंगों पर रिसर्च कर उनके इलाज एवं सर्जरी ट्रेनिंग दी जाती तब कहीं डाक्टर बन पाते हैं। इसलिए मानव देह के बिना डाक्टर की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस मानव कल्याण के कार्य का बीड़ा उठाने वाली पहली संस्था शान्ति देहदान चौरिटेबल ट्रस्ट ललितपुर है। इस दौरान प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला, सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह, एनाटॉमी विभाग से डा.श्रुति सिंह, डा.के.के.मिश्रा, डा.मोनिका जायसवाल, डा.संध्या शाक्य, (संकल्पित देहदानी) जे.पी.यादव, गौरीशंकर सेन, द्रोपती सेन, राकेश सेन, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, मनोज राठौर के अलावा ट्रस्टी सुषमा साध, परवेज पठान, अंकुर जैन (सानू बाबा), अज्जू बाबा, अनिल साहू, चन्दे साहू, रामबाबू यादव, कृष्णपाल सिंह यादव, आदर्श साध मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव राजपाल सिंह फौजी ने व आभार संस्थापक खुशालचन्द साहू ने जताया।

## पिसनारी की महिलाओं ने डीएम को भेजा पत्र

# विद्युत संयोजन के साथ मीटर लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



घरेलू विद्युत संयोजन कर मीटर लगाये जाने की मांग को लेकर महिलाओं ने जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। पत्र में बताया कि मोहल्ला पिसनारी बाग नहर की पटरी पर रहने वाले लोगों के घरों में आवेदन करने के बावजूद भी विद्युत संयोजन नहीं किये गये हैं। बताया कि यहां के लोगों ने विद्युत संयोजन के लिए ऑनलाइन आवेदन किये थे। यहां से विद्युत पोल की दूरी महज 60 मीटर है, लेकिन यहां आज तक न तो विद्युत संयोजन दिया गया है और न ही मीटर लगाये गये हैं। महिलाओं का आरोप है कि यहां जांच करने आने वाले लोगों द्वारा मीटर लगवाने के नाम पर अवैध तरीके से 10-10 हजार रुपयों की मांग की जाती है, जिसे न दे पाने के कारण न तो मीटर लगाये जा रहे हैं और न ही संयोजन दिये जा रहे हैं। महिलाओं ने जिलाधिकारी से मौके पर जांच करायी जाकर विद्युत संयोजन कराकर मीटर लगवाये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय सूर्यकांत, भूरी, नीलेश, बब्बू राजा, रामराजा, पिंकी राजा, कमलेश, लली, रूबी, रामकुमारी, हरकुंवर, भारती, तेजकुमारी आदि मौजूद रहे।

## प्रतिमा बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाई गई

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



ब्लाक जखौरा के ग्राम निवाहो में स्थित श्रीश्री 1008 श्रीरामजानकी मन्दिर, हनुमान मन्दिर, शिव मन्दिर, दुर्गा माता मन्दिर, कारसदेव मन्दिर के पास प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ पण्डाल में भगवान श्रीगणेशजी की प्रतिमा बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाई गई है। सुबह व शाम भगवान श्रीगणेशजी की आरती ग्राम निवाहो के श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेशजी की भक्ति में डूबकर गाजे बाजे के साथ की जा रही है और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गली गली व पूरा गांव गूंजायमान हो उठा भगवान गणेशजी की आरती में श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे है।

भगवान गणेशजी की भक्ति भाव में डूबे हुये है। सुबह व शाम भगवान श्रीगणेशजी की आरती में श्रद्धालुओं की भाड़ी भीड़ उमड़ रही है पण्डाल में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बन रही है। इस दौरान पण्डाल में भगवान गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष रोजाना भजन कीर्तन का धार्मिक कार्यक्रम चल रहा है। श्री श्री 1008 श्री राम जानकी मन्दिर, हनुमान मन्दिर पर गाजे बाजे के साथ सुन्दरकाण्ड पाठ का हुआ आयोजन। ब्लाक जखौरा के ग्राम निवाहो में स्थित श्रीश्री 1008 श्री राम जानकी मन्दिर, शिव मन्दिर, दुर्गा माता मन्दिर, हनुमान मन्दिर पर ग्राम वासियों द्वारा बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ भव्य सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सभी श्रद्धालुओं ने श्री राम जानकी मन्दिर पर पहुंचकर सुन्दरकाण्ड पाठ के इस धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेकर धर्मलाभ लिया।

## मारपीट कर वर्दी फाड़ी

# चालक होमगार्ड को मारकर दी जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** विवाद होने की सूचना मिलने पर पहुंची पीआरवी में तैनात सिपाही से गालियां देते हुये मारपीट कर वर्दी फाडऩे का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर पीआरवी सिपाही ने दो नामजद समेत चार लोगों पर एफआईआर दर्ज करायी है। मूल रूप से हमीरपुर जिले की तहसील सरीला अंतर्गत ग्राम कछवा निवासी हे.कां. 1041 यशवेन्द्र राजपूत पुत्र शंकर सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह डायल 112 परियोजना पुलिस लाइन में तैनात है। बताया कि इवेंट की सूचना मिलने पर मंगलवार को वह 3.55 बजे पीआरवी 5196 में इवेंट नम्बर 0859 की सूचना पर डोंडाघाट गया हुआ था। यहां पहुंचकर उसने कॉलर व प्रतिवादी दोनों पक्षों को समझाया। सूचना से वापस आते समय प्रतिवादी मनीष पुत्र कैलाश नारायण, उसका दोस्त छोटू रजक पुत्र अशोक ने पीआरवी को रास्ते में रोक लिया और पीआरवी चालक होमगार्ड वीरन सिंह को थप्पड़ मार दिया। पीआरवी सिपाही ने जब छोटू रजक को समझाया तो वह समझने के बजाय उल्टा उसी से उलझ गया और गालियां देते हुये मारपीट कर दी। इस दौरान उसकी वर्दी फाड़ दी। घटना स्थल पर मौजूद मनीष पुत्र कैलाश नारायण व दो अज्ञात लोगों ने उसके साथ अभद्रता करते हुये कार्य सरकार में बाधा डालते हुये छोटू रजक को मौके से छुड़वाकर भगवा दिया। आरोप है कि दोबारा मोहल्ले में आने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने छोटू रजक व मनीष के अलावा दो अज्ञात के एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रेस्टोरेंट में उपद्रव कराने का आरोप

**ललितपुर।** कस्बा बिरधा में रहने वाले राकेश साहू पुत्र आशाराम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह कस्बा में रेस्टोरेंट का संचालन करता है। वह पास में स्थित ढ़ाबे वाले पानी बॉटल, खाना पार्सल, सिगरेट, बिस्कुट, नमकीन, चाय इत्यादि ले जाते हैं। आरोप है कि रुपये मांगने पर उक्त ढ़ाबा के संचालक ने उसके स्टाफ के साथ मारपीट की और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने बताया कि विगत दिवस उक्त लोगों ने स्थानीय लोगों की मिलीभगत कर ढाबे पर खाना खाया और दाल में नींबू निचोड़ कर दाल खट्टी होने की बात कहते हुये उपद्रव किया। पुलिस से पीड़ित ने मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# गोवंश योजना में प्रशासन से मांगा अनुदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ब्लाक जखौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़ेरा व भैंसाई में रहने वाले किसानों ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुये गौवंश योजना के तहत पाली गयी गौवंशों के भरण-पोषण के लिए अनुदान राशि दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में बताया कि खड़ेरा व भैंसाई के करीब तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने गौवंश योजना के तहत गौवंशों को पाला था। बताया कि विगत 10-11 माह से उक्त गौवंशों के भरण-पोषण के लिए अनुदान राशि नहीं दिलायी गयी है। इस कारण लाभार्थियों को गौवंशों के भरण-पोषण में भारी परेशानियां आ रहीं हैं और गौवंशों को भूसा-पानी आदि नहीं ले पा रहे हैं। ग्रामीणों ने लामबंद होकर जिला प्रशासन से गौवंशों के पालन के लिए योजना के तहत अनुदान राशि दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय पार्वती, गंगारानी, गनेश, जूजन, किरन, मजराबाई, सीमा, रूकमणि, शिवकुंवर, हज्जारा, प्रेमाबाई, कोमल, संध्या, उषा, शंकर के अलावा अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा पूजन महोत्सव के लिए कार्यालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

डोल ग्यारस के अवसर पर आगामी 17 सितम्बर विश्वकर्मा भगवान पूजन महोत्सव को भव्य और दिव्यरूप प्रदान करने हेतु दैनिक विवेचना, रूपरेखा और सामाजिक केन्द्रीयकरण के लिए एक कैम्प कार्यालय का श्रीनामदेव मंदिर के सामने तालाबपुरा में संरक्षकगणों द्वारा शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर व्ही-5 के सभी संरक्षक, पदाधिकारी और समाजबंधु मनमोहन जडिय़ा, नवलकिशोर सोनी, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, कैलाश नारायण झा, रज्जनलाल झा, संतोष सोनी, सोहनलाल विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष विजय डयोडिय़ा, अनूप ताम्रकार, लखनलाल विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, जगदीश झा, प्रीतम बाबू, द्वारिका प्रसाद झा, कमल विश्वकर्मा, ताराचंद्र झा, विकास सोनी, सत्येंद्र विश्वकर्मा, मनीष झा, राजेश झा, रामप्रकाश झा, अमान विश्वकर्मा पेंटर, राकेश साहू, राजेश वस्त्रावन आदि उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनाई

# सर्वाधिक बूथ कमेटी बनाने वाले का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में सबसे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कमलापति त्रिपाठी कि जयंती पर जिलाध्यक्ष दयाराम रजक ने कहा कि उनके कर्यकाल में प्रदेश ने विकास किया तथा उनके प्रयास से प्रदेश मे बिजली कारखाने, सड़कों के निर्माण तथा प्रदेश में किसानों की सिंचाई के लिए बड़े-बड़े बांधों का निर्माण किया गया। उनके प्रदेश मे किया गए विकास कार्य को हमेशा याद किया जायेगा। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। बैठक में संगठन सृजन को लेकर सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिये कि वह अपने अपने मण्डल की बूथ कमेटी को अति शीघ्र बनाकर भेजे। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता शीघ्र ही अपने अपने बूथ की कमेटी बना कर अपने अपने प्रभारियों को दे दें, जिससे शीघ्र ही जिला से बूथ तक संगठन तैयार हो सके। कहा गया कि जो भी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथों की कमेटी ज्यादा से ज्यादा बनाकर देगा उसका जिला और प्रदेश कार्यालय मे सम्मान किया जायेगा। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत ने किया। बैठक में रफीक अली, दरयाव सिंह, गजेंद्र सिंह, खलकसिंह राजपूत, रामदेवी विश्वकर्मा, सीताराम राय, मोनू रजक, उदलसिंह चंदेल, रामसिंह यादव, हरदेवसिंह राजपूत, दीपक रायकवार, बहादुर सिंह, जगन्नाथ, मनोहरलाल अहिरवार, संतोष पाल, शाकिर, महेश चंद्र, असलम खान आदि उपस्थित थे।

### डमी एडमिशन पर कार्रवाई जरूरी, कम पैसों में निजी व सरकारी स्कूल दे रहे प्रवेश

# शिक्षकों के बच्चे ही नहीं दे रहे 11 व 12 की त्रैमासिक व छःमाही परीक्षाएं

### बच्चे इंदौर, कोटा व शहर से बाहर कर रहे कोचिंग, जिले के स्कूलों में बताया जा रहा रेगूलर, जांच जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शिक्षा के नाम पर जब सेटिंग चलने लगे तो फिर सख्त कार्रवाई जरूरी है। जब ईमानदार व मेहनती बच्चों के शिक्षा परिणामों पर चंद चालाक बच्चे साठगांठ से भारी पढ़ जाए तो फिर कार्रवाई जरूरी हो जाती है। डमी एडमिशन ने जिले की स्थिती बिगाड़कर रख दी है। चंद पैसों के लालच में निजी स्कूल एवं सरकारी स्कूल 11वीं एवं 12वीं में बच्चों का डमी प्रवेश ले लेते हैं और फिर वह निश्चित होकर शहर से बाहर अपनी कोचिंग क्लासेस में पढ़ाई करते हैं और यहां स्कूल में बिना परीक्षा दिए भी पास हो जाया करते हैं। इसका खामीयाजा पढ़ाई और मेहनत करने वाले बच्चों पर पढ़ता है जो लगातार मेहनत करने के बाद भी उन चंद डमी बच्चों से पीछे रह जाते हैं। इस पर प्रशासन को सख्त कदम उठाने की जरूरत है जिससे शिक्षा जैसे क्षेत्र में सेंध लगाने की कोशिश पर लगाम लगाई जा सके। हालात यह है कि सरकारी शिक्षकों के बच्चे ही डमी प्रवेश लेकर परीक्षा में सम्मलित नहीं हो रहे। इससे पूरे शिक्षा विभाग व उनके जिम्मेदारों पर सवालियां निशान लग जाते हैं।



**इनका कहना है**

*हमने उनके अविभावकों को बता दिया है वह जल्दी ही या तो बच्ची को स्कूल लाएंगे नहीं तो प्रायवेट प्रवेश दिया जाएगा।*

***जितेन्द्र सक्सेना,** प्राचार्य खजूरिया शासकीय विद्यालय*

**इनका कहना है**

*बिल्कुल ऐसे छात्रों एवं प्रवेश देने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की योजना तैयार की जा रही है।*

***दिलीप शर्मा,** बीईओ ब्यावरा*

**निजी स्कूल में भी ड़मी प्रवेशों की है भरमार**

यदि निजी स्कूलों में ड़मी प्रवेश की बात करें तो जिले भर में डमी प्रवेश धड़ल्ले से मिल जाएंगे। 11वीं और 12वीं में प्रवेश लेकर बच्चे दूसरे शहरों में अपनी पढ़ाई इस शर्त पर कर रहे हैं कि लोकल स्तर पर उन्हें पास कर दिया जाएगा और उन्हें उपस्थित भी नहीं होना पढ़ेगा। इस तरह शिक्षा के नाम पर जो अवैध व्यापार चल रहा है इस पर प्रशासन को सख्ती करना जरूरी है। यदि जिले भर में प्रशासन कार्रवाई करता है तो कई नामी स्कूल इसकी जद में आएंगे जहां पर डमी प्रवेश मिलेंगे।

**मां और पिता दोनों हैं शिक्षक फिर भी बच्ची का डमी प्रवेश**

इसको पद का दुरूप्योग ही कहा जा सकता है कि जब मां मंजूलता दांगी वर्ग 2 की शिक्षक हैं एवं पिता भी भगवतीपुर में शिक्षक हैं फिर भी अपनी बच्ची को इस तरह से डमी प्रवेश दिलवाकर खजुरिया शासकीय विद्यालय से बायोलॉजी करवा रहे हैं जिसमें वह परीक्षाओं में शामिल होना भी जरूरी नहीं होता है।

# अचानक धंसी हाईवे की सड़क, हुआ 2 फीट गहरा गड्ढा, नहीं कराई मरम्मत

### राजगढ़ में दरगाह गेट के ठीक सामने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा साल 2016 में ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक करवाया गया एनएच-52 हाईवे का चौड़ीकरण शुरू से घटिया क्वालिटी के चलते विवादों में रहा है। इसे अधिकारियों की लापरवाही या अनदेखी कहें कि शहर से होकर गुजरे बाईपास पर सर्विस रोड तक नहीं बनाई गई है।

इसी बाईपास पर राजगढ़ शहर की सीमा में स्थानीय दरगाह गेट के ठीक सामने हाईवे की सड़क अचानक से धंस जाने से करीब 2 फीट से गहरा गड्ढा वहां हो गया। रात्रि के समय धंसी सड़क के कारण हुए गड्ढे की टोल कंपनी के जिम्मेदारों ने पूरे दिन रिपेयरिंग नहीं करवाई। अलबत्ता, आसपास के दुकानदारों ने धंसी हुई सड़क और गड्ढे के चारों और पत्थर रख दिए ताकि कोई वाहन दुर्घटना का



शिकार न होने पाए। उल्लेखनीय है कि इसी हाईवे के बाईपास के किनारे-किनारे बनी नालियां भी शुरू से अपनी घटिया क्वालिटी के चलते चर्चा का विषय रही हैं। वर्तमान में भी ये नालियां कहीं टूटी हुई हैं तो कहीं-कहीं उनमें कीचड़, मलबा इत्यादि फंसा हुआ है।

**अधिकारी इसलिए नहीं दे पाते ध्यान**

दरअसल, उक्त हाईवे की देखरेख की जिम्मेदारी मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन की है और इस विभाग का जिले में कोई दफ्तर नहीं है। ऐसे में हाईवे की मरम्मत या अन्य जरूरी कार्यों को टोल वसूल रही कंपनी मेसर्स अग्रोह इन्फ्रास्ट्रक्चर ध्यान ही नहीं देती है। इस बारिश के मौसम में एनएच-52 पर अनेकों जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं परन्तु उनकी रिपेयरिंग की तरफ भी अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## लोक अदालत की जागरुकता के लिए वाहन रैली का आयोजन

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार आपटे के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सारंगपुर द्वारा मंगलवार को वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आगामी 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के प्रति जनमानस में जागरूकता लाना एवं लोगों को मिलने वाले लाभों से अवगत कराना रहा। रैली का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश चित्रेंद सिंह सोलंकी, वरिष्ठ खंड व्यवहार न्यायाधीश आकांक्षा कत्याल, कनिष्ठ खंड व्यवहार न्यायाधीश सुश्री अश्विनी गहलोत एवं अभिभाषक संघ अध्यक्ष  पीएस मंडलोई द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। वाहन रैली ने सारंगपुर तहसील के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर आमजन को लोक अदालत की उपयोगिता और इसके माध्यम से मिलने वाले न्यायिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर अभिभाषक संघ सारंगपुर के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता, न्यायालय परिवार के कर्मचारी, नगर पालिका एवं विद्युत मंडल के अधिकारी-कर्मचारी, पक्षकार एवं कोर्ट मुंशीगण उपस्थित रहे।

### सीएमओ की पहल से बढ़ेगी पारदर्शिता व सुविधा

# नगर पालिका में अब पीओएस मशीन से होगी कर वसूली

**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर में राजस्व वसूली को आसान और पारदर्शी बनाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने नई पहल की है। करदाताओं एवं नागरिकों को भरोसेमंद भुगतान सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका को भारतीय स्टेट बैंक सारंगपुर द्वारा 25 पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) इलेक्ट्रॉनिक मशीनें उपलब्ध कराई गईं।



सीएमओ सुनहरे ने सोमवार को वसूली कर्मचारियों को यह मशीनें वितरित कीं और उन्हें निर्देश दिए कि कर एवं विभिन्न सेवाओं के शुल्क की अधिक से अधिक वसूली पीओएस मशीनों के माध्यम से की जाए। पीओएस मशीन के जरिए अब नागरिक अपने कर या शुल्क का भुगतान डेबिट, क्रेडिट कार्ड, क्यूआर कोड, यूपीआई, फोन पे, भीम यूपीआई और पेटीएम यूपीआई जैसे माध्यमों से आसानी से कर सकेंगे। इससे उपभोक्ताओं को तत्काल करध्चार्ज स्लिप भी प्राप्त होगी और लेनदेन का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। सीएमओ ने बताया कि इस व्यवस्था से नगर पालिका की राजस्व वसूली लक्ष्य की प्राप्ति में मदद मिलेगी और वसूली प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित व भरोसेमंद बनेगी।

### पुलिस थाने सहित निचले इलाकों में जमा हुआ पानी

# बरसात के लगभग 4 माह पूर्ण होने पर मंगलवार को नगर में हुई जोरदार बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

वर्षा ऋतु के चार माह पूर्ण होने वाले हैं लेकिन राजगढ़ जिले में सबसे कम बारिश सारंगपुर क्षेत्र में हुई जो चिंता का कारण बनी हुई थी किंतु मंगलवार को अचानक इंद्र देव की कृपया से चार घंटे लगातार बारिश होने से मौसम खुशनुमा हो गया। खेत तालाब कुओं में पानी बढ़ गया वही किसानों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी तो दूसरी और सारंगपुर के निचले इलाकों में पानी निकासी सही नहीं होने के कारण जल जमाओ हो गया,इसका नजारा हमारे संवाददाता ने अपने कैमरे में कैद किया मुख्य रूप से एसडीओपी कार्यालय थाना परिसर,अस्पताल रोड़,भेरू दरवाजा, कीड़ी खरिया की निचली बस्तीयो में बारिश का पानी जमा हो गया। गनीमत रही कि बारिश रुक रुक कर होने लगी अन्यथा कई घरों में पानी भरा सकता था। हालांकि नगर पालिका प्रशासन सतर्क दिखाई दिया, वही बरसात का मौसम देखते हुए लगातार सफाई अभियान भी चला रखा था। अगर समय पर ध्यान नहीं दिया जाता तो सोमवार की बारिश सारंगपुर के निचले इलाकों वालों के लिए आफत की बरसात हो जाती और प्रशासन को भी ऊंचा नीचा देखना पड़ता फिर भी नगर पालिका प्रशासन को जल जमाओ इलाके में और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।



# टीबी मुक्त अभियान के तहत आयुष अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**राजगढ़।** स्थानीय पाटन रोड स्थित जिला आयुष अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला क्षय अधिकारी डॉ. राजीव हरिऔध ने उक्त अभियान के तहत स्क्रीनिंग, एक्स-रे टेस्टिंग, नॉट टेस्टिंग, निक्षय मित्र, फूड बॉस्केट, निक्षय पोषण आहार योजना, टीपीटी, सीवाय टेस्ट, इगरा टेस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें जोखिम वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। डीटोओ द्वारा सभी आयुष अधिकारियों से आगृह किया गया कि वे भी टीबी मरीजों को गोद लेकर निक्षय मित्र बनें और फूड बॉस्केट उन्हें प्रदान करें। इस दौरान एचआईवी कार्यक्रम के तहत भी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. आरएन गर्ग, डीपीसी कीर्ति सिंह, पीएमडीटी को-ऑर्डिनेटर महेंद्र पहाड़ी, साधना बाथम, कौशल पिपलोटिया सहित अन्य उपस्थित थे।




### भाजपा और कांग्रेस के पार्षद सहित आमजन हुए ज्ञापन में शामिल

# उपाध्यक्ष और पार्षद प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर

खिलचीपुर में लंबे समय से नगर परिषद में स्वीकृत निर्माण विकास कार्यों को पक्षपात पूर्ण रवैया के चलते कार्यों को रोके जाने तथा जन हितैषी विभिन्न मांगों को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय शर्मा के नेतृत्व में नगर परिषद कार्यालय में धरना प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद को कुंभकर्णी नींद से जगाने के लिए  तेज बारिश के बीच रघुपति राघव राजा राम की धुन पर भजन गाते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा वहीं सुंदरकांड का पाठ भी किया गया।

इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस और भाजपा पार्षदों के साथ ही नागरिक भी  शामिल रहे। ज्ञापन में मांग की गई हे कि विभिन्न वार्डो में परिषद में स्वीकृत किए गए विकास निर्माण कार्य जल्द शुरू किए जाए । नगर के वार्ड 7 में चार माह के अंदर बनाई गई लाखों की सड़क भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई जगह जगह से सड़क उखाड़ गई आठ इंच की जगह 4 इंच सड़क बनाई गई ठेकेदार और दोषियों पर कार्यवाही की जाए सड़क का पुनः निर्माण कराया जाए। पार्षद प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा नगर आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। जनता के टैक्स का रुपया बर्बाद किया जा रहा है। सीसी रोड का स्टीमेट 12 इंच, 8 इंच का होता है पर काम 4 इंच का हो रहा है। भुगतान 12 इंच का कर दिया नगर की सभी सड़के खुद गई है। नगर के मुख्य बाजार की आरसीसी रोड 8 इंच का था पर ठेकेदार ने 4 इंच का बनाया जो चार माह में खुद गया अधिकारियों ने मिलीभगत कर ठेकेदार को 8 इंच का भुगतान कर दिया। वार्डों में विकास कार्यों में भेदभाव किया जा रहा हे कहा रहे हे इन वार्डो के कोई काम नहीं करेंगे।



## शुजालपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोयाबीन की फसल हुई पीला मोजेक से खराब, सरकार से सर्वे की मांग



**शुजालपुर।** कृषि विभाग द्वारा किसानों के हितों के लिए बड़े बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन फिर भी किसान की आर्थिक स्थिति पर कृषि विभाग द्वारा धरातल पर कोई आकंलन नहीं किया गया। शुजालपुर तहसील कालापीपल पोलायकला मोरटा केवडी खाटसुर देवली चिराटया खड़ी उमरसिंगी के किसान अल्पवर्षा के साथ सोयाबीन में पीला मोजेक की मार झेल रहा है। सोयाबीन की लागत अधिक हो जाने से किसान कर्ज के बोझ तले दबा जा रहा है लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सरकार से किसानों ने फसल का सर्वे करा कर शीघ्र मुआवजा प्रदान करने की मांग की, ताकि वह अगली फसल की तैयारी कर सकें।

# जिले के 5 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में हुआ चयन

### खिलाड़ियों को शुभकामनाएं व जीत की बधाई दी

**राजगढ़।** संभाग स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के 5 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित होने वाले खिलाड़ियों में ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति, देशराज यादव, सुमित प्रजापति एवं कुश वजर शामिल हैं। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी दिनों में इंदौर में आयोजित की जाएगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण युवा केन्द्र एवं खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के कोच शुभम राजपूत द्वारा नियमित रूप से प्रशिक्षण खिलाड़ियों द्वारा प्राप्त किया जाता हैं। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डावर, जिला कीड़ा अधिकारी महेंद्र शर्मा परमार, संगठन सचिव देवेंद्र सक्सेना, जूडो टीम के दल प्रभारी प्रकाश सिंह तोमर, वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रकांत त्रिपाठी, युवा समन्वयक राजकुमार प्रजापति, सचिन शर्मा, कल्पना नामदेव आदि द्वारा सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं व जीत की बधाई दी।



**सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में 2 छात्राओं ने मारी बाजी**

खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कड़ी में गत दिवस सीबीएसई क्लस्टर गेम्स प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद स्कूल राजगढ़ की दो छात्राओं ने जिले का नाम रोशन किया है। अंडर 17 कैटेगरी में हुई 400 मीटर रेस को महज 69 सेकंड में पूर्ण कर रिचा पुत्री निर्भय सिंह मीना ने गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं लांग जंप में छात्रा तुलसी पुत्री दुलीचंद मोगिया ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है।

### जिले की कुल औसत वर्षा से भी ज्यादा हो चुकी है बारिश

# जिले में इस साल सर्वाधिक बारिश ब्यावरा तो सबसे कम सारंगपुर में दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

इस साल समूचे जिले में मानसून ने मेहरबानी दिखाई है। इस वर्ष 01 जून से आरंभ हुए बारिश के सीजन से अब तक जिले में कुल 1185 मिलीमीटर औसत बारिश रिकार्ड की जा चुकी है। जबकि, जिले की कुल औसत वर्षा 1100 मिमी है। इस लिहाज से अब तक 85 मिमी बारिश अधिक बारिश जिले में रिकार्ड की जा चुकी है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगर ब्लॉकवार बात करें तो इस साल अभी तक सर्वाधिक 1957 मिमी बारिश ब्यावरा तो सबसे कम 660.6 मिमी बारिश सारंगपुर में रिकार्ड की गई है। अगर गत वर्ष की लिहाज से बात करें तो साल 2024 में 02 सितंबर तक कुल 972 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई थी। हालांकि, कभी रुक-रुककर तो कभी मूसलाधार रूप से हो रही इस बारिश के कारण जिले में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी खासा ईजाफा हुआ है। जिला अस्पताल की ओपीडी प्रतिदिन 800 से ज्यादा दर्ज की जा रही है जबकि सामान्य दिनों में ओपीडी का आंकड़ा 600 के लगभग हुआ करता है।




**अब तक हुई बारिश**

(बारिश के आंकड़े मिलीमीटर में)

| वर्षामापी केंद्र | अब तक बारिश |
|---|---|
| जीरापुर | 1173.0 |
| खिलचीपुर | 1195.6 |
| राजगढ़ | 1069.5 |
| ब्यावरा | 1957.1 |
| नरसिंहगढ़ | 1236.9 |
| सारंगपुर | 660.6 |
| पचोर | 985.8 |

**अब ज्यादा बारिश से फसलों को होगा नुकसान**

उधर, किसानों का मानना है कि इसी तरह बारिश चलती रही तो अत्यधिक बारिश के चलते फसलें तबाह होने की नौबत भी आ सकती है। कुछ तहसीलों में तो किसानों के खेत पूरी तरह पानी से लबालब भरे हुए हैं वहीं सोयाबीन के दाने भी पनप नहीं पाए हैं। अगर बारिश का दौर इसी तरह अनवरत जारी रहा तो खड़ी फसलों पर भी बुरा असर पड़ सकता है।